IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)
An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

# जनपद मुरादाबाद का संक्षिप्त जनांकिकीय विश्लेषण

अमित कुमार


असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग

सी.एस.एन.पी.जी.कॉलेज,हरदोई।

## सारांश (Abstract)

जनसंख्या किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार होती है। जिस देश या प्रदेश में युवा वर्ग की संख्या जितनी अधिक होगी, उस प्रदेश में विकास के पथ पर बढ़ते रहने की क्षमता उतनी ही अधिक रहेगी। भूगोल में जनसंख्या को प्रारम्भ से ही एक संसाधन के रूप में परिभाषित किया गया है। जनसंख्या वृद्धि दर, जनसंख्या का वितरण, आयु का वर्गीकरण, कार्य क्षमता, कार्य कुशलता, साक्षरता, नगरीकरण आदि ऐसी विशेषताएं हैं जो जनसंख्या की विशेष उपयोगिता सिद्ध करती हैं। औद्योगिक दृष्टिकोण से जनसंख्या को देखा जाये तो यह किसी प्रदेश को कुशल तथा अकुशल श्रमिक आसानी से उपलब्ध कराने में सहायक है। मुरादाबाद जैसे ऐतिहासिक–आर्थिक शहर के लिये जनांकिकीय विश्लेषण और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यहां पीतल हस्तशिल्प कार्य की विश्व स्तर पर पहचान है। वर्ष 2007 में यहाँ विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना करने का कार्य शुरू हो गया था। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी शहरों की सूची में भी अपना स्थान बना चुका है। ऐसे सभी आर्थिक क्रियाओं का गुणवत्ता युक्त अध्ययन करने के उद्देश्य से जनसंख्या को एक संसाधन मानकर इस शोध पत्र में जनपद मुरादाबाद में जनसंख्या से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं जैसे जनसंख्या वृद्धि, घनत्व, वितरण, आय, शिक्षा, धर्म, कार्यशीलता, नगरीकरण, आयु संरचना, आदि लक्षणों का अध्ययन करके शोध क्षेत्र के लिए उपयोगिता एवं सम्भावनाओं को प्रस्तुत करना है।

## अध्ययन क्षेत्र




प्रस्तुत शोधपत्र का अध्ययन क्षेत्र मुरादाबाद है, जो उत्तर प्रदेश राज्य का एक जिला है। मुरादाबाद का अक्षांशीय विस्तार 28⁰ 21′ उत्तरी अक्षांश से 29⁰ 16′ उत्तरी अक्षांश तक तथा देशांतरीय विस्तार 78⁰ 33′ पूर्वी से 79⁰ 6′ पूर्वी देशांतर है। मुरादाबाद का भौगोलिक क्षेत्रफल 3718 वर्ग किमी0 है (सम्भल को मिलाकर) वर्ष 1998 में मुरादाबाद से नये जिले अमरोहा तथा 2011 में सम्भल नवीन जनपद का निर्माण किया गया। इससे पहले मुरादाबाद का भौगोलिक क्षेत्रफल 5960 वर्ग किमी0 था ।

मुरादाबाद के पूर्व में रामपुर, पश्चिम में अमरोहा, दक्षिण में सम्भल व बदायूँ स्थित है तथा उत्तर में उत्तराखण्ड के साथ (उधमसिंह नगर) व बिजनौर जिले तक विस्तार है। मुरादाबाद के उत्तरी भाग में रामगंगा नदी प्रवाहित होती है। प्रशासनिक दृष्टि से मुरादाबाद में एक मण्डल मुरादाबाद चार तहसीलें (कांठ, मुरादाबाद सदर, बिलारी तथा ठाकुरद्वारा), आठ ब्लाक, एक नगर निगम, 2 नगरपालिका, 7 नगर पंचायत हैं। मुरादाबाद की समुद्र तल से औसत ऊँचाई 284 मी0 है। यहाँ पर मुख्य रूप से गेहूँ, धान, चना, गन्ना तथा आलू की पैदावार की जाती है।

## मुरादाबाद में जनसंख्या वृद्धि का विवरण

भारत में प्रथम व्यवस्थित जनगणना 1881 में सम्पन्न हुई थी। मुरादाबाद में विगत दशकों की जनगणनाओं का तुलनात्मक अध्ययन करने पर कुछ महत्वपूर्ण तथ्य निकलकर आते हैं। 1911 से 2011 तक मुरादाबाद की जनसंख्या में दशवीय वृद्धि हुई लेकिन 1911–21 के दशक में जनसंख्या वृद्धि दर नकारात्मक रही थी। जिसके बाद 1981–1991 में जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक 31.1 प्रतिशत रही थी। वर्ष 1991–2001 के बीच दशकीय वृद्धि दर 28.5 प्रतिशत रही है जो 2001–2011 में घटकर 25.2 प्रतिशत पर आ गयी है। मुरादाबाद जनपद में 2011 के जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 4,772,006 है। जिसमें 2503186 पुरूष तथा 2268820 महिलाये हैं। मुरादाबाद की जनसंख्या वृद्धि दर का प्रारूप सारणी संख्या एक में तथा ग्राम संख्या एक में प्रदर्शित किया गया है।


सारणी–1 : मुरादाबाद जनपद की दशकीय जनसंख्या वृद्धि का स्वरूप

| क्र0सं0 | वर्ष | कुल जनसंख्या | दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 1911 | 91325 | + 5.9 |
| 2 | 1921 | 86117 | – 5.1 |
| 3 | 1931 | | + 7.1 |
| 4 | 1941 | | + 14.7 |
| 5 | 1951 | | + 12.7 |
| 6 | 1961 | | + 19.6 |
| 7 | 1971 | | + 22.8 |
| 8 | 1981 | | + 29.2 |
| 9 | 1991 | | + 31.3 |
| 10 | 2001 | | + 28.5 |
| 11 | 2011 | | + 25.2 |

स्त्रोत – भारत की जनसंख्या 2001 तथा 2011

ग्राफ–1 : मुरादाबाद जनपद की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर

(2001–2011)




उक्त सारणी तथा ग्राफ से स्पष्ट होता है कि 1911–1921 के दशक में जनसंख्या वृद्धि नकारात्मक रही है तथा 1981 की जनगणना के बाद से जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है लेकिन मुरादाबाद की जनसंख्या वृद्धि दर अभी भी काफी उच्च बनी हुई है जिसको सामान्य लाने के लिए कुछ सकारात्मक कदम उठाने होंगे।

## जनसंख्या का वितरण एवं घनत्व


किसी भी क्षेत्र में मानव का निवास होने के लिए उस क्षेत्र में जीविका के साधनों का होना जरूरी होता है। जीविका के साधनों में पशुपालन, कृषि, उद्योग, व्यापार, परिवहन आदि सेवाओं को शामिल किया जाता है। मुरादाबाद की अधिकांश भूमि कृषि योग्य है जिस कारण यहाँ पर सघन वसाव पाया जाता है। रामगंगा नदी की उपस्थिति यहाँ की मृदा को और अधिक उपजाऊ बनाती है। मुरादाबाद जनपद का वितरण असन्तुलित तथा असमान है। यहाँ पर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक जनसंख्या निवास करती है जिसका प्रमुख कारण कृषि योग्य भूमि तथा जल की उपलब्धता का होना है। 2011 की जनगणना के अनुसार मुरादाबाद की 32.98 प्रतिशत जनसंख्या नगरो में वास करती है अर्थात 1573623 लोग नगरों में बसे हैं। जबकि 67.02 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं अर्थात 3198383 लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार मुरादाबाद का कुल औसत घनत्व 1283 व्यक्ति वर्ग किमी0 है जोकि 2001 के औसत घनत्व 1025 से अधिक है जबकि मुरादाबाद का कुल क्षेत्रफल 3718 वर्ग किमी0 है। मुरादाबाद के जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारको में मुख्य रूप से जल की उपलब्धता, यातायात के साधन, उपजाऊ मृदा, रोजगार के अवसर, शिक्षा, चिकित्सा सुविधायें आदि सम्मिलित हैं। मुरादाबाद का वितरण तथा जनघनत्व को सारणी–2 के माध्यम से दर्शाया गया है तथा चार्ट–2 के माध्यम से घनत्व का तुलनात्मक रूप दर्शाया गया है।


सारणी–2 : जनपद मुरादाबाद में जनसंख्या (नगरीय या ग्रामीण) वितरण

| क्र0सं0 | क्षेत्र का नाम | नगर व ग्रामीण जनसंख्या (2001) | | नगर व ग्रामीण जनसंख्या (2011) | | घनत्व (प्रति व्यक्ति) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाख में | प्रतिशत में | लाख में | प्रतिशत में | |
| 1 | ग्रामीण | 2648633 | 69.5 | 3198383 | 67.02 | 896 |
| 2 | नगरीय | 1162349 | 30.5 | 1573623 | 32.98 | 10611 |
| 3 | योग/औसत | 3810983 | 100 | 4772006 | 100 | 1284 |

स्त्रोत –

चार्ट – 2 जनसंख्या घनत्व (2001 से 2011)




नगरीय व ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशत

2011 की जनगणना के आधार पर मुरादाबाद की कुल जनसंख्या 4772006 थी जिसमें नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 2001 की तुलना में 2.48 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी तथा ग्रामीण जनसंख्या में कमी देखने को मिली है। जिसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि यहाँ पर शहरी जनसंख्या में वृद्धि हो रही है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों की ओर जनसंख्या पलायन कर रही है।

मुरादाबाद नगर में ब्रास का कार्य अधिक होने के कारण अनेक ब्रास फर्मो की स्थापना हो गई है जो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इसी प्रभाव से लगातार नगर का विस्तार हो रहा है।

मुरादाबाद का औसत जनघनत्व 1284 है जो राज्य के जनघनत्व से काफी अधिक है। पिछले दशकों से तुलना करने पर जो आंकड़े सामने आते हैं उनका विश्लेषण करने पर यहां के जनघनत्व में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसका मुख्य कारण मुरादाबाद जनपद में रोजगार तथा आर्थिक संसाधनों की उपलब्धता है। मुरादाबाद के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जनघनत्व अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक है जिनमें प्रमुख क्षेत्र ठाकुरद्वारा, भोजपुर, सम्भल, पाकवड़ा आदि हैं। नगर से लगी रामगंगा नदी के कारण जल की उपलब्धता पर्याप्त होने के कारण नगर के समीप के क्षेत्रों में भी जनघनत्व अधिक देखने को मिलता है।

## जनसंख्या का आयु के अनुसार वितरण

किसी प्रदेश में कितनी जनसंख्या किस आयु वर्ग के अन्तर्गत आती है यह जानना बहुत जरूरी होता है। इसी क्रम में मुरादाबाद जनपद की आयु संरचना का विश्लेषण करना बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी देश में कार्यशील जनसंख्या का अधिकांश भाग 15–59 आयु वर्ग में नीहित होता है तथा शेष आयु वर्ग में प्रायः आश्रित जनसंख्या होती है। जिस देश/प्रदेश में बच्चों एवं वृद्धों की संख्या अधिक होगी वहां निवास की गति मंद होती है। मुरादाबाद की 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 4772006 है जिसमें से 0–6 वर्ष के आयु के बच्चों की जनसंख्या 784219 है (जिसमें से 409325 पुरूष तथा 374894 महिला हैं) जो मुरादाबाद जनपद की कुल जनसंख्या का 16% है

## शिक्षा के आधार पर जनसंख्या का वितरण


जनपद मुरादाबाद साक्षरता के मामले में पिछले कुछ दशकों से पिछड़ रहा है लेकिन 2001 से 2011 के बीच जनपद में कई विश्वविद्यालय तथा कालेज खुलने से साक्षरता दर में वृद्धि देखी गयी है। 2001 की जनगणना में जनपद की साक्षरता दर 44.8% थी जो 2011 की जनगणना के आधार पर बढ़कर 56.8% हो गयी है। वर्ष 2011 की जनगणना में महिलाओं की साक्षरता दर 47.9% तथा पुरूषों की 64.8% है। पुरूषों की साक्षरता की तुलना में महिलाओं की साक्षरता दर काफी कम है जिसका प्रमुख कारण यहाँ पर पुरूष प्रधान समाज का होना हे। मुरादाबाद की कुल साक्षर जनसंख्या में 2263848 व्यक्ति ही साक्षर है।

साक्षरता के आधार पर मुरादाबाद की जनसंख्या का प्रारूप सारणी–3 तथा ग्राफ–3 के अध्ययन से दिखाया गया है।

सारणी –3 : मुरादाबाद जनपद की साक्षरता का विवरण

| वर्ग | निरक्षर व्यक्तियों की संख्या तथा प्रतिशत | | साक्षर व्यक्तियों की संख्या तथा प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| पुरूष | 737039 | 35.2 | 1357435 | 64.8 |
| महिला | 987493 | 52.14 | 906413 | 47.86 |
| कुल | 1724532 | | 2263848 | |

ग्राफ–3 : मुरादाबाद जनपद की साक्षरता का ग्राफ प्रदर्शन




मुरादाबाद की कुल साक्षरता में ग्रामीण लोगों की संख्या 1407142 है तथा शहरी क्षेत्र में 856706 व्यक्ति साक्षर हैं। ग्रामीण साक्षर का 53.4 प्रतिशत है तथा शहरी का 63.4 प्रतिशत है। मुरादाबाद में ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता का प्रतिशत कम होने का कारण इन क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता का अभाव तथा ग्रामीण परिवेश में कॉलेज और स्कूलों की कमी होना है।


## जनसंख्या का आर्थिक व्यवसायिक वितरण

किसी प्रदेश के विकास की गति उस प्रदेश के आर्थिक क्रियाकलापों में कार्यशील जनसंख्या के आधार पर लगाया जाता है। मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में अपना विशेष स्थान रखता है। यहाँ की काफी आबादी पीतल कारोबार में कार्यशील है। मुरादाबाद में अच्छी कृषि योग्य भूमि अधिक होने के कारण लोगो का झुकाव कृषि की ओर भी अधिक है। जनपद मुरादाबाद की कार्यशील जनसंख्या को सारणी–4 तथा ग्राफ–4 के माध्यम से दर्शाया जा रहा है।

### सारणी – 4 : जनपद मुरादाबाद में कार्यशील जनसंख्या (2011)

| क्र0सं0 | क्षेत्र | कुल कार्यरत व्यक्ति | पुरूष कार्यरत | महिला कार्यरत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल | 1417811 | 1193439 | 224372 |
| 2 | ग्रामीण | 950534 | 786552 | 163982 |
| 3 | नगरीय | 467277 | 406887 | 60390 |

### ग्राफ–4 : जनपद मुरादाबाद में कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत (2011)




उपरोक्त सारणी तथा ग्राफ का अध्ययन करने से कुछ तथ्य सामने आये हैं। जनपद मुरादाबाद में कुल कार्यशील जनसंख्या 1417811 है जिसमें से पुरूष कार्यशील जनसंख्या 1193439 है तथा महिला

की कार्यशील संख्या 224372 है। जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि जनपद मुरादाबाद में पुरूष अधिक कार्यशील है उसकी तुलना में महिलायें बहुत कम कार्यशील हैं। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 950534 कुल कार्यशील हैं जिनमें से 786552 पुरूष कार्यशील हैं और 163982 महिलायें कार्यशील हैं। नगरीय क्षेत्र में कुल कार्यशील 467277 हैं जिनमें से 406887 पुरूष कार्यशील हैं तथा 60390 महिलायें कार्यशील हैं। मुरादाबाद जनपद में पुरूष ही महिलाओं से अधिक कार्यशील हैं। मुरादाबाद जनपद की कृषि कार्य में संलग्न व्यक्तियों की संख्या सारणी–5 में दर्शाया गया है।

## जनपद मुरादाबाद को कृषि कार्य में संलग्न व्यक्ति व

## कृषि श्रमिकों की संख्या

| क्षेत्र | कृषि कार्य में संलग्न | | |
|---|---|---|---|
| | | कुल संख्या | प्रतिशत में |
| कृषि कार्य में संलग्न | पुरूष | 325744 | 27.29 |
| | महिला | 42894 | 19.12 |
| | कुल | 368638 | 26.0 |
| कृषि मजदूर | पुरूष | 286385 | 24 |
| | महिला | 51999 | 23.18 |
| | कुल | 338384 | 23.87 |

जनपद मुरादाबाद के कृषि कार्य में संलग्न व्यक्तियों का विश्लेषण करने पर, कृषि कार्य में संलग्न पुरूषों की संख्या 325744 तथा महिलाओं की संख्या 42894 है तथा कृषि मजदूरों की जनसंख्या 286385 है जबकि महिलाओं मजदूरों की संख्या 51999 हैं जो पुरूष मजदूरों की संख्या में काफी कम है जिसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलायें घरेलू कार्यों में अधिक संलग्न रहती हैं।

## धर्म के अनुसार जनपद मुरादाबाद की जनसंख्या (2011)

भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जिसमें सभी धर्मों को एकसमान मान्यता प्राप्त है। हमारे देश में अलग–अलग धर्मों के लोग बहुत भाईचारें तथा बन्धुत्व की भावना से रहते हैं। जनपद मुरादाबाद में भी अलग–अलग धर्मो को मानने वाले लोग रहते हैं। मुरादाबाद जनपद में सबसे अधिक जनसंख्या हिन्दू धर्म की है जो कुल जनसंख्या का 52.14 है। इसके बाद कुल जनसंख्या का 47.12% मुस्लिम धर्म को मानने वाले लोग हैं जो जनपद में दूसरे स्थान पर आते हैं। इसके बाद क्रमशः इसाई (0. 28%), सिक्ख (0.16%), जैन (0.05%), बुद्ध धर्म (0.03%) तथा अन्य (0.01%) है।

मुरादाबाद जनपद में सवर्ण जातियों (जिनमें ब्राहमण, क्षत्रिय, वैश्य प्रमुख) तथा मुस्लिम समाज ने व्यापार के क्षेत्र में अपार उन्नति करते हुए मुरादाबाद को एक व्यापारिक केन्द्र के रूप में स्थापित कर दिया है। मुस्लिम समाज के शहरी क्षेत्रों में अधिकांश लोग पीतल कारोबार में कार्यशील हैं जो विदेशों को पीतल से बने हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्यात भी करते हैं।

## सारणी–6 : जनपद मुरादाबाद की धर्मानुसार जनसंख्या

| क्र0सं0 | प्रमुख धर्म समुदाय | कुल जनसंख्या | कुल जनसंख्या में प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दू | 2488265 | 52.14 |
| 2 | मुस्लिम | 2248392 | 47.12 |
| 3 | इसाई | 13157 | 0.28 |
| 4 | सिक्ख | 7555 | 0.16 |
| 5 | जैन | 2426 | 0.05 |
| 6 | बुद्ध | 1260 | 0.03 |
| 7 | अन्य | 382 | 0.01 |
| 8 | धर्म नहीं पता | 10569 | 0.22 |

जनपद मुरादाबाद में हिन्दू तथा मुस्लिम जनसंख्या आने वाले कुछ वर्षों में लगभग बराबर हो जायेगी। मुरादाबाद में हिन्दु–मुस्लिम एकता एक बहुत बड़े स्तर पर दिखाई देती है। मुरादाबाद के सम्भल नगर में 77.6% मुस्लिम आबादी है, ठाकुरद्वारा में 75.94%, पाकबड़ा में 74.47%, भोजपुर में 90.90% तथा कुन्दरकी में 81.59% मुस्लिम आबादी है। इसके विपरीत हिन्दू जनसंख्या बाहुल्य नगरों में चन्दौसी 73.49% हिन्दू तथा बिलारी में 44.46% हिन्दू हैं।

निष्कर्ष;

प्रस्तुत शोध पत्र में जनपद मुरादाबाद की जनसंख्या का विश्लेषण करने पर निम्न निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं :–

मुरादाबाद की जनसंख्या वृद्धि दर राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर से अधिक है। जनसंख्या घनत्व प्रदेश तथा देश के जनघनत्व से लगभग दोगुना है।

जनपद की साक्षरता दर प्रदेश स्तर से नीचे है जो इस क्षेत्र के विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। जनपद मुरादाबाद में महिला साक्षरता में विशेष सुधार की आवश्यकता है।

कार्यशील जनसंख्या के विश्लेषण के आधार पर जनपद मुरादाबाद में सर्वाधिक जनसंख्या प्रतिशत कृषि कार्य में संलग्न है। औद्योगिक तथा पीतल हस्तशिल्प के क्षेत्र में भी लोगो की पर्याप्त भागीदारी है।

जनपद मुरादाबाद का लिंगानुपात राष्ट्रीय लिंगानुपात से कम है जो चिंता का विषय है। इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने का प्रमुख कारण यहाँ शिक्षा का निम्न स्तर होना है। मुरादाबाद जनपद में महिलाओं को सामाजिक समानता के समान अवसर उपलब्ध न होना तथा पुरूष प्रधान समाज होना भी इस समस्या का कारण है। जनपद मुरादाबाद में बाल लिंगानुपात का विश्लेषण करने से स्होता है कि वर्तमान समय में यहाँ बालकों के अनुपात में बालिकाओं की संख्या कम है जो चिंता का विषय है।

जनपद मुरादाबाद में बढ़ते जनसंख्या दबाव के कारण लगातार आवासीय कालोनियों तथा सड़कों का निर्माण व विकास हो रहा है।

जनपद मुरादाबाद में बढ़ती जनसंख्या हेतु स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि करने के उद्देश्य से नये–नये स्वास्थ्य केन्द्र खुल रहे हैं परन्तु यह भी वर्तमान जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने में पर्याप्त नहीं है।

धर्म के आधार पर विश्लेषण करने पर यह तथ्य सामने आते हैं कि यहाँ मुस्लिम वर्ग की जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है तथा यही वृद्धि दर बने रहने पर जाने वाले दशक में यहाँ मुस्लिम जनसंख्या, हिन्दू जनसंख्या से अधिक हो जायेगी।

2011 की जनगणना के अनुसार 707 परिवार फुटपाथ पर रहने को मजबूर है।

केन्द्र सरकार की ''स्मार्ट सिटी योजना'' के अन्तर्गत मुरादाबाद जनपद के सम्मिलित होने के कारण जनपद के बहुआयामी विकास तथा रोजगार के अवसर सृजित होने से जनपद के विकास की अपार सम्भावनाएँ उत्पन्न हो रही हैं।

## संदर्भः–


1. आर. सी. चान्दना – जनसंख्या भूगोल
2. एस. डी. मौर्य – जनसंख्या भूगोल
3. भारत की जनगणना – 2011 एवं 2001
4. जी. टेलर – अरबन ज्योग्राफ्री
5. मुरादाबाद सांख्यिकीय पत्रिका – 2011–12 एवं 2017–2018
6. माजिद हुसैन – मानव भूगोल
7. पी. मुखर्जी – रूरल पॉपुलेशन माइग्रेशनः ए चैलेंज टू इण्डियाज ग्रोथ
8. आर. सी. तिवारी – ज्योग्राफ्री ऑफ इण्डिया
9. वाई. आर. सिंह – ज्योग्राफ्री ऑफ सैटेल्मेंट रावत पब्लिकेशन
10. एस. डी. कौशिक – भौगौलिक विचारधाराएं एवं विधितन्त्र
11. स्थानीय व राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं मासिक पत्रिकाएं आदि
12. सम्बंधित जिले की अधिकारिक वेबसाइट